कार्यक्रम का नाम– Project formation in Economics subject at senior secondary level अभिमुखीकरण कार्यशाला ।
कार्यक्रम समन्वयक– रवि कुमार जोशी, प्रवक्ता।

लक्ष्य समूह– जनपद के राजकीय इंटर कालेज के अर्थशास्त्र प्रवक्ता।

उद्देश्य– इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रोजेक्ट कार्य को अंकना में शामिल किये जाने के बाद शिक्षकों को तत्पश्चात छात्र–छात्राओं को प्रोजेक्ट निर्माण में दक्ष बनाना।

कार्यक्रम की अवधि– 30 अक्टूबर 2023 से 01 नवम्बर 2023

प्रतिभागी– 25 (पच्चीस) अर्थशास्त्र प्रवक्ता

कार्यशाला का संक्षिप्त विवरण– अर्थशास्त्र मानविकी विषयों में महत्वपूर्ण विषय है और व्यक्ति का सम्पूर्ण जीवन अपनी भौतिक आवश्यक्ताओं और मूलभूत आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु अर्थ अर्जन और आर्थिक प्रक्रियाओं में ही बीतता है। सी.बी.एस.ई. की तर्ज पर उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा 11 एवं 12 वीं के छात्रों में अर्थशास्त्र विषय में प्रयोगात्मक कार्य को भी जोड़ा गया है जो कि एक प्रोजेक्ट के रूप में छात्रों द्वारा करवाया जायेगा और उसकी अंकना वार्षिक परीक्षा में भी होगी। इसके माध्यम से बच्चों के अर्थशास्त्र के किताबी ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से और उसके दैनिक जीवन से जोड़ा जा सकता है जिससे छात्र क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर की आर्थिक स्थितियों और चुनौतियों को समझ सकता है । इस द्वि दिवसीय कार्यशाला में अर्थशास्त्र प्रोजेक्ट की विषय में उपयोगिता, दैनिक जीवन में उपयोगिता, प्रोजेक्ट निर्माण की विधियां और तौर–तरीके, प्रोजेक्ट के रूप में कक्षा के अनुसार अनुसंधान के प्रकरण, उनकी प्रासंगिता, उपयोगिता, डाटा कलेक्शन, डाटा का विश्लेषण जैसे प्रकरणों पर अभिमुखीकरण किया गया।

परिणाम– इस कार्यशाला के पश्चात शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं को प्रोजेक्ट निर्माण संबधित मूलभूत जानकारी प्रदान कर सेवित क्षेत्रों के संदर्भ में व्यावहारिक बिंदुओं को प्रोजेक्ट के माध्यम से अध्ययन करवाया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियां चित्रों के माध्यम से–